## संपादकीय

# पूरी न्यायपालिका प्रभावित

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हलकी, अप्रासंगिक टिप्पणियों से ना सिर्फ जजों की नकारात्मक छवि बनती है, बल्कि पूरी न्यायपालिका प्रभावित होती है। स्वागतयोग्य है कि अब सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की छवि की रक्षा करने की पहल की है।

इससे ज्यादा अफसोस की बात और क्या होगी कि सुप्रीम कोर्ट को उच्चतर न्यायपालिका के जजों को ज़ुबान पर काबू रखने के लिए चेतावनी जारी करने पड़े! लेकिन ऐसी ही स्थिति हमारे सामने है। कर्नाटक हाई कोर्ट के जज वी. श्रीशानंद की "सांप्रदायिक" एवं "स्त्री-द्रोही" टिप्पणियों से परेशान सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहल पर पांच जड्डुजों की बेंच बनाई। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच ने बुधवार को निर्णय दिया कि जस्टिस श्रीशानंद का बेंगलुरू के एक इलाके को 'पाकिस्तान' बताना सैंवैधानिक रूप से गलत है। साथ ही कोर्ट ने जजों के लिए आम चेतावनी जारी की। कहा कि वे ऐसी हलकी टिप्पणियां ना करें, जिनसे उनके सांप्रदायिक एवं स्त्री-द्रोही पूर्वाग्रह जाहिर होते हों। जस्टिस श्रीशानंद ने एक महिला अधिवक्ता को संबोधित करते हुए महिलाओं के लिए अपमानजनक बातें कही थीं। यह सुनना अजीब लगता है, लेकिन यह अफसोसनाक स्थिति आज की हकीकत है कि जज सामान्य विवेक को आहत करने वाली बातें कह डालते हैं। जजों को कैसे बोलना चाहिए, अगर यह सुप्रीम कोर्ट को बताना पड़ रहा है, तो न्यायपालिका आज किस हाल में है, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा- मामले से असंबंधित स्त्री-द्रोही या पूर्वाग्रहयुक्त अन्य टिप्पणियां करने के बजाय जजों को अनिवार्य रूप से संविधान के ऊसलों का पालन करना चाहिए।' वैसे यह सुप्रीम कोर्ट के लिए भी आत्म-मंथन का विषय है कि उसकी कॉलेजियम प्रणाली ऐसे व्यक्तियों को हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में जज बनाने की सिफारिश कैसे कर डालती है, जो बाद में इस तरह की बातें कोर्ट रूम बोलते हैं? आखिर ऐसी टिप्पणी का यह कोई अकेला मामला नहीं है। हाल के वर्षों में जजों की ओर से संविधान की भावना के खिलाफ जाकर टिप्पणियां करने के मामले बढ़ते चले गए हैं। खुद सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हलकी, अप्रासंगिक टिप्पणियों से ना सिर्फ जजों की नकारात्मक छवि बनती है, बल्कि उससे पूरी न्यायपालिका पर खराब असर पड़ता है। स्वागतयोग्य है कि अब सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की छवि की रक्षा करने की जिम्मेदारी उठाई है। उसे इस मामले में अधिक जागरूकता दिखाने की आवश्यकता है।

## ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग में भारतीय और यूरोपीय संघ के स्टार्टअप व्यावसायिक सहयोग को दे रहे बढ़ावा

नई दिल्ली




इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरियों का रिसायकल एक भू-राजनीतिक और जलवायु संबंधी अनिवार्यता है। सरकार के अनुसार, इस क्षेत्र में भारतीय और यूरोपीय स्टार्टअप नवाचार और व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं।

सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस मुलाकात के साथ नवाचार, स्थिरता और अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए भारत और यूरोपीय संघ की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में स्टार्टअप के प्रतिनिधि, भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के अधिकारी और चुनिंदा भारतीय स्टार्टअप के सदस्य शामिल थे।

सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि यह सहयोग प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, बाजार पहुंच और सह-विकास के लिए नए अवसर पैदा करता है। यह आर्थिक लचीलापन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है।

यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी में भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) कार्य समूह 2 (डब्ल्यूजी 2) के तहत आयोजित की गई थी।

भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की उप प्रमुख डॉ. इवा सुवारा ने व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद के समर्थन के माध्यम से कहा हम यूरोपीय संघ और भारतीय स्टार्टअप को एकजुट होने, नवाचार में अग्रणी होने, व्यापार सहयोग को बढ़ावा देने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को बाजार में लाने में सहायता करने में सक्षम हैं।

इस बैठक में ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों के महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारतीय और यूरोपीय स्टार्टअप के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में हुई प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत से भाग लेने वाले स्टार्टअप में बैटएक्स एनर्जीज, एवरग्रीन लिथियम रीसाइक्लिंग, एलडब्ल्यू3 प्राइवेट लिमिटेड और लोहुम शामिल थे, जबकि यूरोपीय संघ के स्टार्टअप में इकोमेट रिफाइनिंग और एनेरिस शामिल थे।

भारत-यूरोपीय संघ टीटीसी की घोषणा यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2022 में की थी। इसे फरवरी 2023 में स्थापित किया गया था। यह तंत्र दोनों पक्षों को व्यापार, विश्वसनीय प्रौद्योगिकी और सुरक्षा के क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाता है।

## एथेनॉल निर्माताओं की लिवाली से मक्का में उछाल

जयपुर

एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों की मांग निकलने से इन दिनों मक्का की कीमतें तेज बोली जा रही हैं। बिहार की हरियाणा डिलीवरी मक्का के भाव वर्तमान में 2780 रुपए प्रति क्विंटल चल रहे हैं। मक्की के भावों में आए उछाल को लेकर जानकारों का कहना है कि पौल्ट्री व्यवसाय की बढ़ती मांग और एथेनॉल बनाने में मक्का के उपयोग के कारण इसकी कीमतों में तेजी आई है। यही कारण है कि वर्तमान में मक्का के भाव एमएसपी से काफी ऊंचे चल रहे हैं। वर्ष 2023-24 के लिए सरकार ने मक्के का एमएसपी 2090 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया हुआ है। भीलवाड़ा से ब्रोकर संजय अजमेरा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की हरियाणा डिलीवरी मक्का के भाव 2660 रुपए प्रति क्विंटल में व्यापार हो रहा है। इस बीच राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की नई मक्का भी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र एवं गुजरात में नई मक्का की आवक हो रही है। लिहाजा मक्का की कीमतों में अब लंबी तेजी के आसार समाप्त हो गए हैं।

### पिछले दो साल की तुलना में दुगुने दाम मिल रहे

वर्ष 2022 में मक्का के भाव 1200 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास थे, जबकि वर्तमान में मक्का 2600 रुपए प्रति क्विंटल से ऊपर बिक रही है। जानकार बताते हैं कि मक्की का उपयोग कपड़ा, स्टार्च, कुक्कुट समेत अन्य उद्योगों में लगातार बढ़ता जा रहा है।

**किसान खुश, पॉल्ट्री उद्योग परेशान**

जहां एक ओर मक्के का दाम बढऩे से किसान खुश हैं, वहीं मक्का की सप्लाई कम होने से पॉल्ट्री (मुर्गी पालन) उद्योग और स्टार्च कंपनियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पॉल्ट्री उद्योग और स्टार्च निर्माताओं ने सरकार से मक्के की उपलब्धता बढ़ाने के उपाय करने की मांग की है। जानकारों का कहना है कि देश में मक्का के दाने और मक्का की खली का उपयोग दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। मक्के का जहां पॉल्ट्री क्षेत्र में ज्यादा उपयोग होता है, वहीं मक्का की खली को दुधारू पशुओं के लिए उपयोगी माना जाता है।

## शनाया कपूर इस फिल्म से रख रहीं बॉलीवुड में कदम, विक्रांत मैसी के साथ जमेगी जोड़ी

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने भले ही अभी बॉलीवुड में एंट्री नहीं की, लेकिन वह अपनी खूबसूरती और स्टाइल को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं, वहीं हीरोइन बनने से पहले ही उनकी अच्छी-खसी फैन फॉलोइंग है।बहरहाल, उनसे जुड़ी अब जो खबर सामने आ रही है, उससे शनाया के प्रशंसकों का दिल बेशक खुश हो जाएगा।दरअसल, शनाया फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं। इस फिल्म के हीरो विक्रांत मैसी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शनाया का बॉलीवुड में काम करने का सपना पूरा होने जा रहा है। वह हिंदी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर रही हैं।24 साल की शनाया फिल्म में एक थिएटर एक्ट्रेस का किरदार निभाने वाली हैं, वहीं विक्रांत इसमें एक नेत्रहीन संगीतकार की भूमिका में होंगे।इस फिल्म की कहानी भारत के लोकप्रिय लेखक रस्किन बॉन्ड की मशहूर लघु कहानी, द आइज हैव इट पर आधारित है।


## 2,000 करोड़ रुपए के वजीरएक्स हैक की सरकार ने शुरू की जांच

नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स पर जुलाई में हुए साइबर हमले की जांच देश की शीर्ष सरकारी एजेंसियां कर रही हैं।

इस साइबर हमले में वजीरएक्स को 2,000 करोड़ रुपये ($234 मिलियन डॉलर) का नुकसान हुआ था और अब बड़ी संख्या में इसमें पैसे गंवा चुके लोग अपने रिफंड की मांग कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फाइनेंसियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) और इंडियन कंप्यूटर




इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इन) के अधिकारियों ने वजीरएक्स की शीर्ष लीडरशीप से मुलाकात की और क्रिप्टो टोकन की हैकिंग के बारे में पूछताछ की।

सूत्रों के मुताबिक, क्रिप्टो एक्सचेंज ने सरकारी एजेंसियों की ओर से मांगी गई जानकारी उपलब्ध करा दी है और अब दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

इससे पहले देश में कई कानूनी जानकारों की ओर से वजीरएक्स में हुए इस साइबर क्राइम की जांच करने की बात कही गई थी।

वजीरएक्स द्वारा यह स्वीकारा जा चुका है कि उसके 43 प्रतिशत यूजर्स को इससे नुकसान उठाना पड़ सकता है और इसमें से ज्यादातर भारतीय हैं।

पिछले हफ्ते आई कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि एक यूट्यूब लाइव टाउन हॉल सेशन में मैनेजमेंट ने दावा किया था कि क्रिप्टो से हुए 100 प्रतिशत मुनाफे को भविष्य में यूजर्स के साथ शेयर किया जाएगा। हालांकि, इस वीडियो को हटा लिया गया।

टाउन हॉल सत्र में, वजीरएक्स के सह-संस्थापक निश्चल शेट्टी और हैक के बाद वजीरएक्स के पुनर्गठन को संभालने वाली क्रॉल कानूनी फर्म के निदेशक जॉर्ज ग्वी ने प्रभावित यूजर्स के सवालों के जवाब दिए।

क्रिप्टो टाइम्स के मुताबिक, ग्वी ने वीडियो में कहा कि पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान क्रिप्टो की कीमतों मां बढ़ोतरी के कारण हुए मुनाफे को 100 प्रतिशत साझा किया जाएगा। हालांकि, बाद में वजीरएक्स ने वीडियो को प्राइवेट कर दिया।

## टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए इन बल्लेबाजों ने लगाए हैं सबसे ज्यादा छक्के

नईदिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बीच पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने 14 गेंदों में 29 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 3 छक्के जड़े। उनकी स्ट्राइक रेट 207.14 की रही।इसी के साथ वह टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पूर्व भारतीय दिग्गज सुरेश रैना के आगे निकल गए हैं।ऐसे में आइए टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले शीर्ष भारतीय खिलाडिय़ों के बारे में जानते हैं।

सूची में पहले स्थान भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2007 में खेला था।अब तक इस खिलाड़ी ने 448 मुकाबले खेले हैं। इसकी 435 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 525 छक्के लगाए हैं। उनके बल्ले से 30.88 की औसत और 134.76 की स्ट्राइक रेट से 11,830 रन निकले हैं।रोहित ने अपने टी-20 करियर में 1,069 चौके भी लगाए हैं।



विराट कोहली इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2007 में खेला था।अब तक इस खिलाड़ी ने 399 मुकाबले खेले हैं और इसकी 382 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 416 छक्के लगाए हैं। कोहली 71 पारियों में नाबाद भी रहे हैं। उनके बल्ले से 41.43 की औसत और 134.20 की स्ट्राइक रेट से 12,886 रन निकले हैं।कोहली ने अपने टी-20 करियर में 1,144 चौके भी लगाए हैं।

दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 2006 में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेला था।अब तक इस खिलाड़ी ने 391 टी-20 मैच खेले हैं। इसकी 342 पारियों में 338 छक्के लगाने में धोनी सफल रहे हैं।उन्होंने 38.11 की औसत और 135.64 की स्ट्राइक रेट से 7,432 रन भी बनाए हैं। धोनी के बल्ले से टी-20 क्रिकेट में 517 चौके निकले हैं।

सूर्यकुमार इस सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं। साल 2010 में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेलने वाले इस खिलाड़ी ने अब तक 293 मुकाबले खेले हैं और इसकी 270 पारियों में 328 छक्के लगाए हैं।इस खिलाड़ी की औसत 35.17 और स्ट्राइक रेट 152.80 की रही है।

## टेस्ट सिलेक्शन में निराशा के बाद मार्कस हैरिस नई चुनौतियों के लिए तैयार

नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूकने के बाद मार्कस हैरिस ने नए सिरे से फोकस और नई मानसिकता के साथ 2024-25 शेफील्ड शील्ड सीजन पर अपना ध्यान केंद्रित कर लिया है।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट खिलाड़ी मार्कस हैरिस ने घरेलू सत्र से पहले क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, इस साल मेरे लिए यही अंतर है कि पिछले साल की तरह इस साल मेरे सिर पर टेस्ट में चयन होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि मैं कहां खड़ा हूं और मैं जिस स्थिति में हूं, मेरी उम्र क्या है, मुझे पता है कि अगर मुझे फिर से मौका मिलना है तो मुझे हर हाल में दरवाजा खटखटाना होगा। ऐसा लगता है कि वे छह बल्लेबाजों के बारे में काफी हद तक तय कर चुके हैं। लेकिन वे वास्तव में निश्चित नहीं हैं कि क्रम क्या होगा।

32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज को कभी डेविड वार्नर के संभावित रिप्लेसमेंट के रूप में देखा जा रहा था। हालांकि पिछली गर्मियों में चयनकर्ताओं ने बल्लेबाजी ऑर्डर के साथ प्रयोग किया और तब हैरिस दरकिनार कर दिए गए। हैरिस और उनके



प्रतिद्वंद्वियों कैमरन बैनक्रॉफ्ट और मैथ्यू रेनशॉ के स्थान पर स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत करने के लिए उतारा गया। टेस्ट टीम में सिलेक्शन से चूकने की निराशा पर हैरिस ने स्वीकार किया कि उनके लिए अपने टेस्ट भविष्य की अनिश्चितता से बचना मुश्किल था, लेकिन इसके साथ आने वाली मानसिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए उन्होंने कदम उठाए हैं।

पिता बनने से हैरिस को एक नया दृष्टिकोण भी मिला है। 2023-24 सीजन की शुरुआत से कुछ दिन पहले अपने बेटे मैक्स का स्वागत करते हुए, हैरिस ने घर पर पर्सनल लाइफ के साथ क्रिकेट को संतुलित करने की चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा जब आपके पास एक छोटा बच्चा होता है, तो चीजें इस क्रम में बदल जाती हैं कि क्या ज्यादा महत्वपूर्ण है और क्या नहीं। वह अब एक साल का हो गया है, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान हो रहा है, लेकिन मैं एक पिता होने के लिए और अधिक अभ्यस्त हो रहा हूं।

## सिंघम अगेन की ट्रेलर रिलीज डेट का ऐलान, धूम 4 को लेकर आई है बड़ी खबर

अजय देवगन की सिंघम अगेन का इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं. ये फिल्म दिवाली के मौके पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. फिल्म से अभी तक सभी सितारों के फर्स्ट पोस्टर सामने आ चुके हैं. अब फैंस को ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार है. अजय देवगन और रोहित शेट्टी से ट्रेलर के साथ धमाल मचाने का इंतजाम भी कर लिया है. ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक सिंघम अगेन का ट्रेलर 7 अक्टूबर को रिलीज होने वाला है. इस ट्रेलर को सारे एक्टर्स की प्रेजेंस में ही रिवील किया जाएगा.



रिपोर्ट्स के माने तो ये आम ट्रेलर लॉन्च नहीं होने वाला है. ये बहुत ग्रैंड होने वाला है. सिंघम अगेन का ट्रेलर नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में लॉन्च किया जाएगा. इसकी 2000 सीटे सिर्फ मीडिया नहीं बल्कि अजय, अक्षय, रणवीर, करीना, दीपिका और टाइगर के फैंस के लिए भी होंगी सभी सितारों के फैंस को भी बुलाया जाएगा. जिसकी वजह से ये इस साल का मोस्ट अवेटिड ट्रेलर बन गया है.ये साल 2024 के सबसे बड़ा इवेंट होने वाला है.

एक सोर्स ने बताया- सिंघम अगेन बहुत ग्रैंड फिल्म है तो मेकर्स चाहते हैं कि इतनी बड़ी फिल्म का ट्रेलर भी बड़ा होना चाहिए. ये फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने जा रही है.

अजय देवगन की सिंघम अगेन का क्लैश कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से होने वाला है. दोनों ही फिल्में 1 नवंबर को रिलीज होने वाली हैं. देखना होगा बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म बाजी मारती है.

## वेट्टैयन की एडवांस बुकिंग शुरू, धड़ाधड़ बुक हो रही हैं रजनीकांत की फिल्म की टिकट




रजनीकांत की आगामी फिल्म वेट्टैयन सिनेमाघरों में अपना जादू दिखाने के लिए तैयार है. फिल्म को रिलीज होने में सिर्फ 4 दिन बाकी हैं. वेट्टैयन, इस गुरुवार को सिनेमाघरों में आ रही है, और फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइडेट हैं. मेकर्स ने आज, 6 अक्टूबर को वेट्टैयन की एडवांस बुकिंग के लिए टिकट काउंटर खोल किया है. आइए पहले दिन की एडवांस बुकिंग रिपोर्ट के जरिए जानें कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कैसा परफॉर्म कर रही है.

टी. जे. ग्नानवेल की निर्देशित, कॉलीवुड एक्शन ड्रामा वेट्टैयन 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसके अलावा, 11 अक्टूबर को तमिलनाडु में आयुध पूजा की छुट्टी है, जो शाम और रात के शो में दर्शकों की संख्या में वृद्धि करने में मदद करेगी. जहां, रविवार को भारत में एडवांस बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है.

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए।

***वृष-*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे।

***मिथुन-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है।

***कर्क-*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको थोड़ी उलझन होगी। ऑफिस में आपको कुछ लोगों से मदद मिलेगी।

***सिंह-*** आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा।

***कन्या-*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ समय बितायेंगें। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा।

***तुला-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करनेका मौका मिलेगा।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

***धनु-*** आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वकांक्षाएं बढ़ भी सकती हैं। हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा।

***मकर-*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो जायेगा।

***कुंभ-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आएंगे। आपको किसी भी वाद-विवाद से बचने की जरुरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए।

***मीन-*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी।

## दूध से नहाकर आपको मिल सकती है चमकती हुई त्वचा

आपने ठंडे या गर्म पानी से तो कई बार नहाया होगा, लेकिन क्या आपने कभी दूध से स्नान किया है? दूध से नहाना त्वचा की देखभाल के लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है।इसके दौरान नहाने के पानी में दूध या दूध से बने उत्पादों को डाला जाता है। इसके जरिए आप अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट कर सकते हैं और अंदरूनी तौर पर हाइड्रेटेड भी महसूस कर सकते हैं। दूध से नहाने से आपको ये फायदे मिल सकते हैं।

**त्वचा बनती है मुलायम-** दूध में लैक्टिक एसिड नामक पोषक तत्व होता है, जिसके जरिए आपकी त्वचा बेहद मुलायम बन सकती है। जब आप दूध से नहाकर अपनी त्वचा को स्पर्श करेंगे, तो आपको आपकी त्वचा मखमली महसूस होगी।दूध में मौजूद वसा जैसे प्राकृतिक इमोलिएंट त्वचा पर एक परत बना देते हैं, जिसके कारण नमी बनी रहती है। इससे त्वचा चिकनी और मुलायम हो जाती है।इसके परिणामस्वरूप मुंहासों और जलन आदि की समस्या भी ठीक हो जाती है।

**त्वचा होती है हाइड्रेट-** दूध में स्वस्थ वसा और प्रोटीन मौजूद होते हैं, जिनकी मदद से यह त्वचा को हाइड्रेट कर सकता है। यह त्वचा के अंदर प्रवेश करके उसे नमीयुक्त बनाता है, जिससे रूखी त्वचा की समस्या का उपचार होता है।दूध में मौजूद वसा त्वचा पर अवरोध पैदा कर सकती है, जिससे नमी बनाए रखने में मदद मिलती है।इसके अलावा, दूध में मौजूद प्रोटीन और विटामिन भी त्वचा के हाइड्रेशन को बहाल करने और बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

**बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम-** दूध में कई तरह के एंटी-एजिंग गुण मौजूद होते हैं, जिनकी मदद से बढ़ती उम्र के लक्षण कम किए जा सकते हैं। दूध के एक्सफोलिएटिंग गुण कोशिकाओं के निर्माण में मदद करते हैं और कोलेजन के उत्पादन को उत्तेजित करते हैं।जब आप दूध से नहाते हैं तो कोलेजन का उत्पादन बढ़ता है, जिसके कारण झुर्रियां, झाइयां और मुंहासों की समस्या भी दूर हो जाती है।आप इन फलों के सेवन से बढ़ती उम्र के लक्षण कम कर सकते हैं।

**त्वचा होती है एक्सफोलिएट-** दूध में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड एक तरह का अल्फा-हाइड्रॉक्सी एसिड होता है। यह एसिड मृत त्वचा कोशिकाओं को दूर करता है और नई कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ाता है।

## शब्द सामर्थ्य- 201

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 200 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 201

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.200 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |